# अर्धवार्षिक परीक्षा 2015–16

कक्षा – छठवीं

विषय – हिन्दी

समय : 3 घण्टा पूर्णांक : 100

**नोट : सभी प्रश्न सावधानी पूर्वक कीजिए।**

**प्र.1 खाली स्थान भरो। (10)**

1. हमारे शरीर के .................... भाग में केवल जल है।
2. गुरूजी ................ में संगीत कभी नहीं सुना सकते।
3. कर ..................की बंदगी भूखे को दे भीख।
4. गाँधीजी ने परीक्षा में ..............नहीं की।
5. डॉ. भाभा .................... से संगीत सुनते थे।

**प्र.2 सही जोड़ी बनाओ। (5)**

1. लाभ – अशुद्ध
2. स्वस्थ – विषम
3. शुद्ध – नीचे
4. सम – अप्रसन्न
5. ऊपर – हानि
6. प्रसन्न – अस्वस्थ

**प्र.3 सही विकल्प चुनकर लिखो। (10)**

1. हमारा शरीर तत्वों से मिलकर बना है।

   क. एक ख. तीन घ. चार ड. पाँच

2. सम्राट अकबर के नौ रत्नों में से एक थे।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क. | मोहन | ख. | तानसेन | घ. | रूपा | ड. | अल्लादीन |

3. राजा ने गाँव में बनवाया।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क. | कुँआ | ख. | स्कूल | घ. | मकान | ड. | अस्पताल |

4. भाभा अणु शक्ति संस्थान स्थित है।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क. | चैन्नई में | ख. | अम्बे में | घ. | इंग्लैण्ड में | ड. | जिनेवा में |

5. बसन्त के स्वागत में गीत गाती है।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क. | कोयल | ख. | मोरनी | घ. | चिड़िया | ड. | गोरैया |

**प्र.4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (कोई– 5)** **( )**

1. पृथ्वी को माँ क्यों कहा गया है?
2. स्वामी हरिदास संगीत की शिक्षा को 'समाज' क्यों कहते थे?
3. कबीर ने किन दो बातों की सीख दी है?
4. गाँधी जी के स्कूल में विद्यालय निरीक्षक क्यों आए थे?
5. डॉ. भाभा की एक मात्र इच्छा क्या थी?
6. हरियाली कौन–सी ऋतु लाती है?
7. झाँसी की रानी कविता से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?

**प्र.5 निम्नलिखित पंक्तियों का संदर्भ व प्रसंग सहित अर्थ लिखो।** **(20)**

सिंहासन हिल उठे राजवंशों ने भृकुटी तानी थी।

बूढ़े भारत में भी आई, फिर से नई जवानी थी।।

गुमी हुई आजादी की कीमत सबने पहचानी थी।

दूर फिरंगी को करने की सबने मन में ठानी थी।।

चमक उठी सन् सत्तावन में वह तलवार पुरानी थी।

बुंदेले हरबोलों के मुँह हमने सुनी कहानी थी।।

खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी।

**प्र.6 जीवन परिचय लिखो। (कोई–1)** **(10)**

1. डॉ. होमी जहाँगीर भाभा 2. सुभद्रा कुमारी चौहान

व्याकरण

**प्र.1 अ. पर्यायवाची शब्द लिखो (कोई–2)** **(10)**

1. फूल 2. मेघ 3. कमल 4. हाथ

ब. विलोम शब्द लिखो। (कोई–2)

1. पाप 2. अमृत 3. जीवन 4. दूर

स. मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करो। (कोई–2)

1. ईट से ईंट बजाना 2. आँख का तारा

द. वाक्यांशो के लिये एक शब्द लिखो। (कोई–2)

1. खेल खेलता हो। 2. जो पढ़ाता हो।

**प्र.2 इनमें एक शब्द पर्यायवाची शब्द नहीं है चुनकर लिखो।** **(2)**

1. देवता – सुर, असुर, देव
2. पति – प्राणनाथ, केत, तनय
3. सज्जन – सभ्य, शिष्ट, अशष्टि
4. फूल – पुष्प, कुसुम, पुष्प

**प्र.3 मानक रूप लिखो।** **(3)**

1. अंसुअन 2. भगत 3. जाके 4. परलै

**प्र.4 निबंध लिखो– (कोई–1)** **(10)**

1. दीपावली 2. दशहरा 3. बाल दिवस 4. शरद ऋतु

**प्र.5 कारक की परिभाषा व उसकी विभक्तियाँ लिखो?** **(3)**

**प्र.6 संज्ञा की परिभाषा व प्रकारो के नाम लिखो।** **(3)**

या

सर्वनाम की परिभाषा व प्रकारों के नाम लिखो।

**प्र.7 स्थानान्तरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु प्रधान अध्यापिका जी को प्रार्थना पत्र लिखो।** **(10)**

या

मित्र को जन्म दिवस की बधाई देते हुये मित्र को पत्र लिखो।

**प्र.8 वचन व लिंग की परिभाषा उदाहरण सहित लिखो।** **(3)**